तापमान

अधिकतम 35.6 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि

# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 15 अगस्त 2025



10 ज्ञानदीप स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया स्वतंत्रता दिवस व जन्माष्टमी का पर्व





11 स्वतंत्रता दिवस पर चप्पे चप्पे पर रहेगी पुलिस नजर, एक हजार से अधिक जवानों की तैनाती




### प्रशासन की सभी तैयारियां पूरी

# आज राष्ट्र प्रेम व देशभक्ति के साथ मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस समारोह





रेवाड़ी। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राजेश पायलट चौक के पास सजे तिरंगे झंडे, तिरंगे के रंग में सजाई गई नई अनाजमंडी। फोटो :हरिभूमि

- जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में उद्योग एवं वाणिज्य व वन-पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह करेंगे ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

भारत देश की आजादी का त्यौहार 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह का शुक्रवार को जिला मुख्यालय सहित बावल व कोसली उपमंडल में राष्ट्रप्रेम व देश भक्ति के साथ भव्य व गरिमामयी ढंग से किया मनाया जाएगा। जिले में स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। 15 अगस्त को नई अनाजमंडी में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्रदेश के उद्योग एवं वाणिज्य व पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव मंत्री राव नरबीर सिंह बतौर मुख्य अतिथि ध्वजारोहण करेंगे और परेड की सलामी लेंगे। उपमंडल बावल में आयोजित होने वाले उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में बावल के विधायक डा. कृष्ण कुमार तथा उपमंडल कोसली में आयोजित होने वाले समारोह में कोसली के विधायक अनिल कुमार यादव बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय ध्वजारोहण करेंगे।



रेवाड़ी। स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए तैयार किया गया पांडाल। फोटो :हरिभूमि

### राज्यों की सांस्कृतिक विरासत के होंगे दर्शन

ीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से जिला मुख्यालय व उपमंडल स्तर पर मनाए जाने वाले आजादी के पर्व स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस एक राष्ट्रीय पर्व है तथा जिला में इस समारोह का आयोजन बड़े ही भव्य व गरिमामयी ढंग से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह में जिला के विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभागियों द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से भारत की अनेकता में एकता की झलक के साथ-साथ विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक विरासत के दर्शन कराए जाएंगे।

### इन कार्यक्रमों की होगी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों की ओर से अनेक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। पीटी एवं डम्बल शो में रावमा विद्यालय, राजकीय कन्या विद्यालय, डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल, जैन पब्लिक स्कूल, होली चाईल्ड स्कूल, स्वामी उमा भारती स्कूल, सैनी विद्यालय व ब्लीस स्कूल के विद्यार्थी भाग ले रहे है। पीटी व डंबल में बैंड होली चाईल्ड स्कूल का रहेगा। लेजियम शो में केंद्रीय विद्यालय कोनसीवास के विद्यार्थी भाग ले रहे है। कमाडिंग ऑफिसर की देखरेख में दो जूनियर छात्र एवं छात्राओं की एनसीसी टुकड़ी, दो कॉलेज के छात्र व छात्राओं की सीनियर टुकड़ी तथा सैनिक स्कूल कैडेट्स की टुकड़ी परेड़ में भाग लेगी। स्कॉउट में जवाहर नवोदय स्कूल नैचाना की छात्रों की टुकड़ी परेड में भाग लेगी। गर्ल्स गाइड में राजकीय कन्या विद्यालय की छात्राओं की टुकड़ी परेड में भाग लेगी। प्रजातंत्र के प्रहरी में राजकीय कन्या स्कूल की छात्राओं की टुकड़ी परेड में भाग लेगी।







**खबर संक्षेप**

### सड़क हादसों के तीन आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। धारूहेड़ा थाना पुलिस ने 24 जुलाई को हुए सड़क हादसे में आरोपी चालक राजस्थान के चाचका निवासी ताहिर खान को गिरफ्तार किया है। कसोला थाना पुलिस ने 8 जुलाई को हुए सड़क हादसे के आरोपी राजस्थान के गुवालदा निवासी जमशेद को गिरफ्तार किया है, जबकि 12 अगस्त को हुए हादसे में आरोपी चालक राजस्थान के चामरोदा निवासी सहरून खान को गिरफ्तार किया है। बाद में तीनों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### मारपीट व धमकी मामले में दो गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** सिटी पुलिस ने शांति नगर में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अस्पताल में दाखिल घायल के बयान पर 6 जून को आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। उन पर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए गए हैं। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने शांति नगर निवासी हेमंत व माया देवी को गिरफ्तार कर लिया। मामले की तफ्तीश में शामिल करने के बाद दोनों को पर रिहा कर दिया गया।

### नशे में छत से गिरकर युवक की मौत

**रेवाड़ी।** युगल विहार कॉलोनी में किराए के मकान में रह रहे बिहार के एक युवक की शराब के नशे में छत से गिरकर मौत हो गई। पुलिस के अनुसार लगभग 35 वर्षीय संजीव कुमार ने रात के समय शराब का सेवन किया हुआ था। वह सोने के लिए छत पर चला गया। सुबह पड़ोस के लोगों ने देखा कि संजीव गली में पड़ा हुआ है। उसे उठाकर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया।

### पूर्व गृह मंत्री की जयंती पर कार्यक्रम कल

**रेवाड़ी।** बाइपास स्थित पोसवाल चौक पर 16 अगस्त को पूर्व गृह मंत्री एवं राज्य सभा सांसद कन्हैयालाल पोसवाल की 104वीं जयंती मनाई जाएंगी। पोसवाल चौक पर सुबह 9:45 बजे पूर्व गृह मंत्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके श्रृद्धांजलि अर्पित की जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक लक्ष्मण सिंह यादव होंगे व अध्यक्षता चरण सिंह खटाना प्रधान गुर्जर समाज करेंगे।

### कढ़ू में गोगाजी का मेला व रागनी कम्पीटिशन 17 को

**रेवाड़ी।** गांव कढ़ू भवानीपुरा में 17 अगस्त को बाबा जाहरवीर गोगाजी का मेला, भंडारा व रागनी कम्पीटिशन का आयोजन किया जाएगा। मुख्यातिथि बावल के विधायक डा. कृष्ण कुमार व जिला प्रमुख मनोज यादव होंगे। मेले में बाबा का निशान लाने वाले भक्तों को उचित इनाम भी दिया जाएगा। रागनी कम्पीटिशन में नरदेव-बैनीवाल एंड पार्टी के कलाकार मन्नू तंवर, अमीषा पूनिया, भारती चौधरी बाबा का गुणगान करेंगे। भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे।

### दो तेजधार फरसों के साथ एक आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** सीआईए रेवाड़ी ने दो अवैध तेजधार फरसे के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गांव जैनाबाद निवासी मोहित उर्फ घोडा के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से दो तेजधार फरसे बरामद किए है। 13 अगस्त को सीआईए को सूचना मिली थी कि राव बिरेन्द्र इंजीनियरिंग कॉलेज गांव जैनाबाद के टी प्वाइंट के पास एक युवक दो तेजधार फरसे लेकर घूम रहा है। सूचना पर पुलिस आरोपी को काबू करके कब्जे से दो तेजधार फरसे बरामद किए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना खोल में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# कैबिनेट मंत्री ने अजय को बैठाया कुर्सी पर, नवनियुक्त चेयरमैन ने संभाला पदभार

**खास बातें**

- आरती सिंह राव ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार सहकारिता की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही





रेवाड़ी। अजय पटौदा का पदभार ग्रहण कराते हुए आरती राव व आरती राव को पगड़ी पहनाते हुए अजय पटौदा। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

कैबिनेट मंत्री आरती सिंह राव वीरवार को नवनिर्वाचित सैंट्रल कोऑपरेटिव बैंक के चेयरमैन अजय पटौदा को कुर्सी पर बैठाकर पदभार ग्राहण कराया। उनके साथ वाइस चेयरमैन राजेश मुदगिल ने भी पदभार ग्रहण कर लिया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष वंदना पोपली सहित बड़ी संख्या में लोग व बैंक स्टाफ मौजूद रहे।

इस मौके पर आरती सिंह राव ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार सहकारिता की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही हैं। देश में सहकारिता के क्षेत्र में नई क्रांति आ रही है, जिसका फायदा आम आदमी तक पहुंच रहा है।

सहकारिता के माध्यम से सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने चेयरमैन और वाइस चेयरमैन का आह्वान करते हुए कहा कि वह सहकारी क्षेत्र की योजनाओं को प्रभावी ढंग से क्रियांवित करने की दिशा में निष्ठा व इमानदारी से कार्य करें। उन्होंने कहा कि सामाजिक और राष्ट्र के विकास में बैंकों की अग्रणी भूमिका होती है। लेकिन विभिन्न कारणों के चलते आमजन और बैंकों के बीच दूरी बनी हुई है। सरकार द्वारा क्रियाविंत आर्थिक सहायता संबंधी स्कीमें आमजन तक नहीं पहुंच पाती जिस कारण संपूर्ण विकास अटका हुआ है।

किसानों की सुविधा के लिए सरकार ने किसान क्रेडिट कार्ड, स्वरोजगार तथा शिक्षा लोन का प्रावधान किया है, जिसके तहत सस्ते ब्याज और अनुदान पर आर्थिक सहायता निर्धारित है। किसान क्रेडिट पर 7 फीसदी ब्याज लगेगा, लेकिन नियमित रूप से लेनदेन करने वाले किसानों को 3 फीसदी की छूट दी गई है। उन्होंने युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया, कहा कि पीएमजीपी के तहत पढ़े-लिखे युवाओं के लिए 25 से 35 प्रतिशत अनुदान पर एक करोड़ तक ऋण लेने का प्रावधान है। इसके बाद उन्होंने बैंक अधिकारियों के साथ मीटिंग की तथा विकास कार्य और पारदर्शिता पर मंथन किया गया है।

**बैंक के हर सदस्य के हितों का रखेंगे ख्याल**

इस मौके पर अजय पटौदा ने कहा कि केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह और कैबिनेट मंत्री आरती राव की बदौलत ही उन्हें यह जिम्मेदारी मिली है। इस पद पर रहते हुए वह सहकारिता के क्षेत्र में सभी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने की दिशा में कार्य करेंगे। सहकारी बैंक के सभी सदस्यों के हितों का ध्यान रखना उनकी प्राथमिकता होगा। बैंक के लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाएगा। नई योजनाओं को प्रभावि तरीके से क्रियान्वित किया जाएगा।

## श्रीकृष्ण और राधा के रूप में सजीव झांकियां प्रस्तुत की

# ज्ञानदीप स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया स्वतंत्रता दिवस व जन्माष्टमी का पर्व



रेवाड़ी। स्कूल में जन्माष्टमी का पर्व मनाते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बावल

मोहनपुर स्थित ज्ञानदीप स्कूल में स्वतंत्रता दिवस व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। प्रधानाचार्या सुनीता कुमारी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। राष्ट्रगान के पश्चात छात्रों ने देशभक्ति गीत, कविताएं व भाषण की प्रस्तुति के साथ मनमोहक नृत्य पेश किए। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान पर आधारित नाटक ने सभी को भावविभोर किया। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में विद्यालय प्रांगण को फूलों, बंदनवार और रंग-बिरंगी झालरों से सजाया गया। छोटे बच्चों ने श्रीकृष्ण और राधा के रूप में सजीव झांकियां प्रस्तुत की। मटकी फोड़ प्रतियोगिता और भजन-कीर्तन कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस मौके पर प्रधानाचार्या ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें देश के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता है, वहीं जन्माष्टमी हमारे सांस्कृतिक और आध्यात्मिक मूल्यों को संजोने का अवसर प्रदान करती है। सभी शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद थे।



रेवाड़ी। स्कूल में जन्माष्टमी का पर्व मनाते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### स्वतंत्रता दिवस व जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास से मनाया

**रेवाड़ी।** महेंद्रगढ़ रोड पर स्थित विकास इंटरनेशनल स्कूल में स्वतंत्रता दिवस व जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में ध्वजारोहण किया गया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत नृत्य व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। बच्चों ने जन्माष्टमी पर्व के उपलक्ष्य में राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकियां भी प्रस्तुत की। इस अवसर पर मटकी सजावट व बांसुरी सजावट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन देवेंद्र यादव ने कहा कि यह दिन स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने बच्चों को स्वतंत्रता दिवस व जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दी।



रेवाड़ी। राधा-कृष्ण की वेशभूषा में बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### बच्चों ने श्रीकृष्ण की लीलाओं का किया सुंदर वर्णन

**धारूहेड़ा।** धारूहेड़ा स्थित लिटिल मेस्ट्रो जूनियर विद्यालय में बच्चों ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी का समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया। नन्हे बच्चे राधा-कृष्ण की वेशभूषा में स्कूल पहुंचे और फैंसी ड्रेस, नृत्य व नाटक की प्रस्तुतियां दी। बच्चों ने श्रीकृष्ण के बाल रूप की झांकियां भी सजाई। राधा कृष्ण, गोपियां और ग्वाल बाल की वेशभूषा में सजे बच्चों ने शिक्षकों का मन भी मोह लिया। बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का सुंदर वर्णन किया। चिरासमी व लियानशी ने भगवान कृष्ण व राधा का रूप धारण कर मनमोहक नृत्य किया। शिक्षिका सोमिया व स्वेता ने बच्चों को जन्माष्टमी पर्व की जानकारी दी।

### जिला स्तरीय सब-जूनियर बास्केटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन 17 को

**रेवाड़ी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बिठवाना में 17 अगस्त को जिला स्तरीय सब-जूनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें लड़के व लड़कियों की टीम अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेगी। बास्केटबॉल संघ के प्रधान डा. धीरज सांगवान ने बताया कि प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी 22 अगस्त से गुरुग्राम में आयोजित होने वाली हरियाणा राज्य सब-जूनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने बताया कि टीम की चयन प्रक्रिया प्रतियोगिता के समापन के पश्चात होगी। खिलाड़ियों को 17 को प्रातः 8 बजे स्कूल पहुंचना होगा। प्रतिभागी खिलाड़ी का जन्म 1 जनवरी 2012 या उसके बाद का ही होना चाहिए। सभी खिलाड़ियों को अपना आधार कार्ड व जन्म प्रमाण पत्र साथ लाना होगा।

# साहित्य परिषद् की हिंदी भाषण प्रतियोगिता में अजितनाथ सदन रहा अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी




रेवाड़ी। प्रतियोगिता के विजेता प्रधानाचार्य व शिक्षकों के साथ। फोटो :हरिभूमि

अखिल भारतीय साहित्य परिषद् की व्याख्यान माला के प्रमुख बिंदु आत्मबोध से विश्वबोध पर अंतर सदनीय हिंदी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जैन पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में अजित नाथ सदन का दबदबा रहा, जबकि मातृभाषा विषय पर आधारित प्रतियोगिता में महावीर सदन अव्वल रहा। प्रधानाचार्या ने विजेताओं को शुभकामनाएं दी।

हिंदी विभागाध्यक्ष एवं साहित्य परिषद् प्रभारी गोपाल शर्मा ने हिंदी माह एवं स्वतंत्रता की पूर्व संध्या पर आयोजित प्रतियोगिता में ग्यारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों का जोश देखने लायक था। प्रतियोगिता में अजितनाथ सदन के नतांश ने पहला, महावीर सदन के रक्षित ने दूसरा तथा आदिनाथ सदन के सक्षम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने मातृभाषा में शिक्षा की उपयोगिता विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। नई शिक्षा नीति के तहत मातृभाषा में शिक्षा को महत्व देने की वकालत करते हुए विद्यार्थियों ने अपनी भावनाएं व्यक्त की। प्रतियोगिता में महावीर सदन शिल्पा ने पहला, अजितनाथ सदन की जिज्ञासा ने दूसरा तथा पार्श्वनाथ सदन के रोहित ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्या सोनल छाबड़ा ने विद्यार्थियों के प्रयास को उत्कृष्ट बताते हुए विद्यार्थियों से विचाराभिव्यक्ति को प्रस्तुत करने की अपील की। निर्णायक मंडल में शामिल गोपाल शर्मा, कुमुद शर्मा व नीतू अरोड़ा ने परिणाम घोषित किया। इस मौके पर हिंदी शिक्षिका लता मेहंदीरत्ता व गतिविधि प्रभारी लीना मखीजा का योगदान सराहनीय रहा। मंच संचालन विद्यालय छात्र समिति की महासचिव विधि सिंह एवं साहित्यिक सचिव मोक्षी ने किया। छात्रा प्रियांशी, खुशबु, पुष्पांजलि व हरप्रीत ने कार्यक्रम में योगदान दिया।

# इन्वेस्टमेंट के नाम पर 93.21 लाख की ठगी, एक आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

कंपनी में इन्वेस्टमेंट के नाम पर लगभग 93.21 लाख रुपये की ठगी के मामले में साइबर थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके खाते में लगभग 14 लाख रुपये ट्रांसफर हुए थे। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद दो दिन के रिमांड पर लिया गया है।

गत 3 जुलाई को साइबर थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में सेक्टर-3 निवासी विजय कुमार गुप्ता ने बताया था कि वह एक प्राइवेट कंपनी में जॉब करता है। उसने सोशल मीडिया पर पैसा इन्वेस्टमेंट करने का विज्ञापन देखने के बाद 15 मई को एक नंबर पर फोन किया था। फोन रिसीव करने वाली महिला ने अपना नाम मिस सरोज गुप्ता बताते हुए खुद को एसबीआई सिक्योरिटी लि. की इन्वेस्टमेंट एडवाइजर बताया था। इन्वेस्टमेंट के लाभ के बारे में जानकारी देने के बाद महिला ने उसके पास एक लिंक भेजा था। उसे बल्क ट्रेडिंग और लॉगिन करने के बारे में बताया गया था। पहली बार पैसा इन्वेस्ट करने पर उसके खाते में अच्छा प्रोफिट भी दर्शाया गया। इसके बाद उसने अपनी पत्नी सुनीता गुप्ता के बैंक खाते से 18 ट्रांजेक्शन के जरिए विभिन्न खाता नंबरों पर 9320870 रुपये ट्रांसफर कर दिए। बाद में जब उसने पैसा रिफंड कराने का प्रयास किया, तो उससे और पैसा जमा कराने के लिए कहा गया। इसके बाद उसे ठगी का पता चला। साइबर थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी।

**आरोपी के खाते में ट्रांसफर हुए 14 लाख**



पुलिस जांच में यह बात सामने आई कि ठगी की रकम में से 14 लाख रुपये महाराष्ट के अकोला के सिद्धार्थ नगर निवासी सतीश प्रकाश इंगले के बैंक खाते में ट्रांसफर हुए थे। इस समय इंगले पवन पार्क सोसाइटी न्यू तापडिया नगर महाराष्ट्र अकोला में रह रहा है। पुलिस ने उसे महाराष्ट से काबू कर लिया। आरोपी के अन्य साथियों का पता लगाने के लिए उसे दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। पूछताछ के बाद उसके अन्य साथियों को भी जल्द काबू करने के प्रयास किए जाएंगे।

# भाई को एडमिट कराने के नाम पर ठगी

## पुलिस ने काबू किए तीन आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी




मई माह में एक कंपनी कर्मचारी को उसके भाई का एक्सिडेंट होने की सूचना देकर अस्पताल में एडमिट कराने के नाम पर 80 हजार रुपये की ठगी करने के मामले में साइबर थाना पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उन्हें कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

मूल रूप से यूपी के शीतलपुर निवासी जितेंद्र कुमार ने गत 30 मई को साइबर थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया था कि वह बावल की एक कंपनी में काम करता है। 22 मई को उसके मोबाइल फोन पर एक मैसेज आया था, जिसमें उसे बताया कि उसके भाई का एक्सिडेंट हो गया है। उसे अस्पताल में दाखिल कराने के लिए 80 रुपये भेजा। मैसेज के बाद उसने अपने भाई को फोन किया तो उसका फोन बंद आ रहा था। उसने मैसेज भेजने वाले व्यक्ति को फोन पर अपने भाई का फोटो भेजने के लिए कहा, तो उसने बताया कि पहले उसकी अस्पताल में दाखिल कराना जरूर है। इसके लिए पैसे जमा कराने होंगे।

## आज भी तेज हवाओं के साथ हो सकती है बरसात

# झमाझम बारिश से गिरा पारा, गर्मी से राहत

- एक सप्ताह तक मौसम इसी तरह का बना रहने के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी





रेवाड़ी। वीरवार को हुई बरसात से जलमग्न अनाजमंडी, वीरवार को हुई बरसात से बावल रोड पर जलभराव। फोटो :हरिभूमि

मौसम ने एक बार फिर करवट ले ली। आसमान में बादलों के बीच रुक-रुककर बारिश होती रही, जिससे उमस भरी गर्मी का असर कुछ हद तक कम हो गया। तापमान में गिरावट दर्ज की गई। अभी मौसम साफ होने की संभावना नहीं है। एक सप्ताह तक आसमान में बार-बार बादल छाने व बूंदाबांदी से लेकर हल्की बरसात तक की संभावना जताई जा रही है।

वीरवार को सुबह से ही आसमान में गहरे बादल छाए रहे। सुबह लगभग 8 बजे ही बादलों के बीच बूंदाबांदी शुरू हो गई, जो रुक-रुककर शाम तक चलती रही। मौसम में बदलाव के साथ ही तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। बारिश के बाद मौसम खुशगवार हो गया। उमस भरी गर्मी से कुछ हद तक राहत मिल गई है। हवा में नमी का स्तर 80 फीसदी तक बना रहा। हवा की गति 8 किमी प्रति घंटा रही। पसीने छुड़ाने वाली गर्मी का असर काफी कम हो गया। मौसम विभाग के अनुसार लगभग एक सप्ताह तक मौसम इसी तरह का बना रह सकता है। 15 अगस्त को आसमान में बादलों के बीच हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। अगले तीन-चार दिनों तक बरसात या बूंदाबांदी होने के आसार हैं। इस दौरान तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। मौसम साफ होते ही उमस भरी गर्मी एक बार फिर से पसीना छुड़ाने लगेगी। वीरवार को अधिकतम तापमान 35.6 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 23 डिग्री दर्ज किया गया।

**बारिश से फसल को नुकसान की आशंका**

खरीफ की प्रमुख फसल बाजरा पकाव की ओर बढ़ रही है। अगेती फसल में दाना पककर तैयार होने लगा है, जिससे सिरटे का वजन भी बढ़ रहा है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार इस समय अगर तेज बारिश होती है, तो इससे अगेती फसल जमीन पर गिर सकती है। जमीन पर गिरी फसल से उत्पादन प्रभावित होना स्वाभाविक है। हालांकि कपास की फसल को इस समय होने वाली बारिश से अच्छा फायदा होने की संभावना है।

# स्वतंत्रता दिवस पर चप्पे-चप्पे पर रहेगी पुलिस नजर, 1000 से अधिक जवानों की तैनाती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिले में मनाए जाने वाले राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस को लेकर पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता प्रबुध किए है। जिले में 15 अगस्त को एक हजार से अधिक पुलिसकर्मी सुरक्षा के लिए तैनात रहेंगे। पुलिस करी ओर से जिले में कानून व्यवस्था एंव शांति की दृष्टि से 5 इंटरस्टेट नाके सहित अलग-अलग जगह 31 नाके स्थापित किए गए हैं, जिनका मुख्य उद्देश्य समारोह स्थल व गुरुग्राम-दिल्ली की ओर जाने वाले भारी वाहनों एवं अनाधिकृत भीड़ की रोकथाम करना है। सुरक्षा को लेकर लगाए गए पुलिस नाकों पर संदिग्धों पर नजर रखी जा रही है और वाहनों की जांच की जा रही है। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा जिले में 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर जिला पुलिस ने समारोह स्थल नई अनाज मंडी रेवाड़ी, बावल व कोसली सहित सभी स्थानों पर सुरक्षा के प्रबंध किए है। समारोह में पब्लिक एंट्री गेट पर मेटल-डिटेक्टर लगाए गए हैं। सुरक्षा को लेकर पुलिस की चप्पे-चप्पे पर पैनी नजर रहेगी। एसपी ने कहा कि कार्यक्रम में ड्रोन का प्रयोग करना पूर्णतया वर्जित रहेगा। एसपी ने सभी डीएसपी, एचएचओ व चौकी इंचार्ज को सुरक्षा के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए है।

## होटल, ढाबे, धर्मशाला और पीजी पर विशेष निगरानी




जिले में स्थित सभी होटलों, धर्मशालाओं, पीजी और ढाबों पर पुलिस की ओर से निरंतर चेकिंग की जा रही है। बाहरी व्यक्तियों की पहचान, उनके ठहरने की जानकारी एवं गतिविधियों का रिकॉर्ड लिया जा रहा है। पुलिस सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी विशेष निगरानी बनाए हुए है। किसी भी प्रकार की अफवाह, भ्रामक सूचना अथवा सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाली पोस्ट पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। साइबर सेल को पूरी तरह सतर्क किया गया है, और असामाजिक तत्वों पर भी पूरी नजर रखी जा रही हैं। स्वतंत्रता दिवस पर सुरक्षा को लेकर जिले में खुफिया एजेंसियां भी पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। एसपी ने सभी पुलिस अधिकारियों को अपने क्षेत्र में सतर्कता के साथ गश्त व निगरानी करने के निर्देश दिए हैं। एसपी हेमेंद्र मीणा ने जिलावासियों से 15 अगस्त का पर्व शांतिपूर्ण एवं गरिमामय ढंग से मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु या गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत नजदीकी पुलिस स्टेशन या हेल्पलाइन नंबर पर सूचना दें। एसपी मीणा ने कहा कि राष्ट्रीय पर्व पर अगर किसी असमाजिक तत्व ने कोई उपद्रव करने या व्यवधान डालने की कोशिश की तो उसे किसी भी कीमत पर बख्शा नही जाएगा और उसके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी।

**भारी वाहनों का प्रवेश निषेध**

स्वतंत्रता दिवस के पर्व पर 15 अगस्त दोपहर 1:30 बजे तक गुरुग्राम- दिल्ली जाने वाले भारी वाहनों के जाने पर रोक लगाई गई है। भारी वाहन चालक एनएच-48 का प्रयोग करके गुरुग्राम-दिल्ली की तरफ यात्रा करने से परहेज करें तथा अधिक आवश्यकता होने पर एनएच-352 का प्रयोग करें। जिला पुलिस ने जयपुर से दिल्ली व गुरुग्राम जाने वाले भारी वाहनों को एनएच-48 से एनएच-352 पर डायवर्ट किया गया है।

# नागरिक अस्पताल के गायनी वार्ड में गिरा प्लास्टर, हादसा टला

रेवाड़ी। गायनी वार्ड में छत पर आई सीलन तथा प्लास्टर गिरने के बाद खाली कराया गया वार्ड। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

वीरवार को नागरिक अस्पताल के जच्चा-बच्चा वार्ड में छत से प्लॉस्टर गिर गया। प्लॉस्टर गिरने के समय वार्ड में 6 महिलाएं मौजूद थी। घटना के बाद महिलाओं को दूसरे वार्ड में शिफ्ट किया गया।

घटना से अस्पताल में भर्ती मरीजों में दहशत फैल गई। अस्पताल स्थित जच्चा बच्चा कक्ष में वीरवार को दोपहर करीब डेढ बजे छत से प्लॉस्टर गिर गया। प्लॉस्टर महिला के पास में गिरा, जिससे जच्चा-बच्चा कक्ष में चीख-पुकार मच गई। ड्यूटी पर तैनात नर्सिंग स्टाफ ने तुरंत अस्पताल प्रबंधन को बताया, जिसके बाद मरीजों को फर्स्ट फ्लोर पर शिफ्ट किया गया।

अस्पताल में डिलीवरी के लिए आई गर्भवती महिलाओं की संख्या ज्यादा हो होने कारण ग्राउंड फ्लोर पर भर्ती किया गया था। जच्चा-बच्चा के कक्ष चारों तरफ सीलन आई हुई थी। पीएमओ डा. सुरेंद्र यादव ने कहा कि सीलन के कारण केवल पुट्टी गिरी थी। घटना के बाद सभी को दूसरे कक्ष में शिफ्ट कर दिया गया है, सभी महिलाएं सुरक्षित हैं।

## निःशुल्क योग विज्ञान शिविर आज से

कोसली। शीतला माता मंदिर कमेटी बव्वा की ओर से 15 अगस्त से 17 अगस्त तक सुबह 5:30 से 7 बजे तक मंदिर परिसर में तीन दिवसीय निःशुल्क योग विज्ञान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजन को जागरूक कर योग विज्ञान के साथ जोड़कर रोग मुक्त भारत का निर्माण करना है। पतंजलि योग समिति जिला मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि पतंजलि योग समिति, पतंजलि महिला योग समिति व भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित निःशुल्क योग विज्ञान शिविर में कोसली विधायक अनिल यादव मुख्य अतिथि तथा दड़ौली आश्रम से स्वामी समर्पणानंद महराज विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।




रेवाड़ी। लायंस क्लब की ओर से राजकीय महाविद्यालय बावल में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और हरित आवरण बढ़ाने के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम में नीम, आंवला, अमरूद, नींबू, मोसंबी, मीठा नीम, गुलमोहर, अशोका व पाम सहित अनेक प्रजाति के 50 पौधे लगाए गए। इस मौके पर लायंस क्लब के प्रधान लायन ऋषि सिंहल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण करना हम सबकी जिम्मेदारी है। इस अवसर पर लायन अभिषेक गुप्ता सचिव, लायन दीपक अग्रवाल कोषाध्यक्ष, लायन आलोक सिंहल, लायन रितेश भार्गव, लायन जितेश गोयल व महाविद्यालय की प्राचार्या डा. नमिता, मनीष कुमार, सुरेंद्र शास्त्री, ईश्वर सिंह, डा. पूजा ग्रोवर, डा. नीतू सिंह, उषा कुमारी और डा. किरण शर्मा मौजूद थे।

**आरडीएस गर्ल्स कॉलेज में छात्राओं के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन**
: रेवाड़ी। कालाका रोड़ स्थित आरडीएस पब्लिक गर्ल्स कॉलेज में वीरवार को प्राचार्य डा. दलबीर सिंह यादव की अध्यक्षता में बीए, बीकॉम व बीएससी प्रथम वर्ष की छात्राओं के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया।

















राजा राव तुलाराम
राव बिरेन्द्र सिंह
पूर्व मुख्यमंत्री
हरियाणा सरकार
राव इन्द्रजीत सिंह
केन्द्रीय मंत्री, भारत सरकार
आरती सिंह राव
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा, शोध और
आयुष मंत्री हरियाणा सरकार
दी रेवाड़ी सैंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक का चेयरमैन
बनाने पर
केन्द्रीय मंत्री राव इन्द्रजीत सिंह व कैबिनेट मंत्री
बहन आरती राव का हार्दिक आभार
सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
आपका अपना
अजय पटौदा
चेयरमैन दी रेवाड़ी सैंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक, रेवाड़ी